मार्च पास्ट, राष्ट्रगान तथा खेल भावना की शपथ के साथ शुरू हुआ खेल उत्सव

ऊर्जा और उत्साह का जीवन उत्सव है खेल डॉ. वंदना गुप्ता

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी घनेंद्र चौधरी के नेतृत्व एवं संयोजन में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात मार्च पास्ट, राष्ट्रगान तथा खेल भावना की शपथ के उपरांत मुख्य अतिथि उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच. एल. अनिजवाल द्वारा खेल प्रतियोगिताओं की औपचारिक उद्घोषणा की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिजवाल ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल भावना और मैदान पर निरंतर अभ्यास ही वास्तविक विजय का मार्ग प्रशस्त करते हैं। शासकीय महाविद्यालय उन्हेल के क्रीड़ा अधिकारी श्री आर. के. कौरव ने गुजरा हुआ जमाना आता नहीं दोबारा गीत की पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित करते हुए छात्र जीवन के प्रत्येक अवसर का भरपूर लाभ उठाने का संदेश दिया।

शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की क्रीड़ा अधिकारी सुश्री संगीता कार्लेकर ने कहा कि वार्षिक खेल उत्सव छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मबल का विकास करते हैं। उन्होंने प्रेरणादायी पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि

धूप में निकलो, घटाओं में नहाकर देखो,

ज़िंदगी क्या है, किताबों को हटाकर देखो।

तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत दौड़, बैडमिंटन, रस्साकशी, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, गोला फेंक, कबड्डी, पिट्ठू तथा पुशअप सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

समापन समारोह में जिम्नास्ट सुपेकर, सम्राट् विक्रम विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र चावरे, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह, शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पौराणिक, माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सुपेकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए खेल भावना के साथ शारीरिक परिश्रम की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. वीरेंद्र चावरे ने कहा कि यही सीखने की आयु है और इस समय अर्जित अनुभव जीवन भर उपयोगी सिद्ध होते हैं। डॉ. कल्पना सिंह ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्र जीवन का अनुशासन और युवाशक्ति समाज परिवर्तन की सशक्त क्षमता रखती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि संस्थान की एकता, ऊर्जा और उत्साह का जीवंत उत्सव है। उन्होंने कहा कि खेल जीतने के लिए ही नहीं, बल्कि सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए भी खेले जाने चाहिएकृजीत पर पदक मिलता है और हार पर अनुभव, जो जीवन में सदैव सहायक होता है।

कार्यक्रम में टीम धुरंधर, टीम वॉरियर एवं टीम अभ्युदय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में सभी विजेता छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस प्रकार तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का समापन प्राध्यापकों एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर धाकड़ ने अपने विचार रखें

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी उन्हेल मंडल द्वारा बूथ क्रमांक 57 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण के अध्यक्ष राजेश धाकड़, मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, समर्पण निधि प्रभारी मंगेश वर्मा एवं भाजपा नेता बालाराम खींची, दिलीप मोदी, कैलाश विपट, नंदराम धाकड़, अखिलेश उपाध्याय, बाबूलाल खमोरिया, चन्दरलाल चौहान, नागेश माली, संचालन महामंत्री तेजूलाल जटिया ने किया। आभार महेश बैरागी ने माना। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी मयूर जैन ने दी।

एक नजर में

निजीकरण के विरोध में आज थमेगा बीमा कंपनियों का कामकाज

उज्जैन। केंद्र सरकार की निजीकरण, विनिवेश और कथित श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ बीमा क्षेत्र के कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघों के संयुक्त आह्वान पर आज 12 फरवरी गुरुवार को भारतीय जीवन बीमा निगम और सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य बीमा कंपनियों के कर्मचारी एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल का व्यापक असर उज्जैन संभाग में भी देखने को मिलेगा। इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन, उज्जैन शाखा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गुरुवार को सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्य से विरत रहेंगे, जिससे बीमा कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहने की संभावना है। यूनियन के नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार की नीतियां न केवल कर्मचारियों, बल्कि करोड़ों पॉलिसीधारकों और लाखों अभिकर्ताओं के हितों के खिलाफ हैं। एलआईसी और सरकारी बीमा कंपनियों में विनिवेश की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए। एफडीआई का विरोध : बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति वापस ली जाए। आउटसोर्सिंग बंद कर रिक्त पदों पर पक्की और स्थायी भर्तियां की जाएं। श्रम कानूनों में किए जा रहे कर्मचारी विरोधी संशोधनों को रद्द किया जाए। प्रशांत सोहले द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उज्जैन में हड़ताल को सफल बनाने के लिए अनिल कुरेल, कुलदीप सिंह और दीपिका सक्सेना ने सभी साथियों से एकजुट होने का आह्वान किया है। यूनियन का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें कमजोर करना आम जनता की सामाजिक सुरक्षा पर सीधा हमला है। हड़ताल के दौरान शहर की विभिन्न शाखाओं के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन और सभाएं आयोजित कर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

अंतर रेलवे जिम्नास्टिक में उज्जैन के कृष्ण कुमार ने जीता कांस्य

उज्जैन। कोलकाता में आयोजित 54वीं अंतर रेलवे महिला एवं पुरुष जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे की टीम ने एक कांस्य पदक हासिल किया है। यह उपलब्धि उज्जैन के खिलाड़ी ने दिलाई है। पश्चिम रेलवे के उज्जैन में कार्यरत सीसीटीसी (सीसीटीसी) कृष्ण कुमार ने हाई बार इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही, भारतीय रेलवे टीम के आगामी राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता के लिए लगने वाले प्रशिक्षण शिविर हेतु उज्जैन के दो खिलाड़ियों - कृष्ण कुमार और वैभव चोरषिया (सीसीटीसी उज्जैन) का चयन किया गया है। टीम के मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार सोलंकी और सहायक प्रशिक्षक अविनाश श्रीवास थे। इस उपलब्धि पर प.रे. स्पोर्ट्स एसोसिएशन के ओएसडी एवं ओलंपियन पप्पू यादव, उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन के आरएल वर्मा, ओपी शर्मा, मनोहर शर्मा, संजय जौहरी आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

एनजीटी के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में करेंगे अपील

नागदा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी, सेंट्रल झोन, भोपाल द्वारा बुधवार को बनबना तालाब के संरक्षण एवं आनंद वाटिका प्रोजेक्ट पर रोक लगाए जाने के प्रकरण मे पारित आदेश के संबंध में अभिभाषक अभिषेक चौरसिया द्वारा यह बताया गया कि हम न्यायालयों की गरिमा और प्रक्रिया का पूर्ण आदर करते हैं। लेकिन न्यायालय से पारित हुए वर्तमान आदेश से हम संतुष्ट नहीं हैं। यह मामला केवल बनबना तालाब के संरक्षण या एक प्रोजेक्ट का प्रश्न नहीं है। यह बनबना तालाब, स्थानीय जल-स्रोतों, पारिस्थिति की संतुलन तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवनाधिकार से जुड़ा विषय है। पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सुनवाई में यह मुद्दे उठाए थे

ग्रीन बेल्ट भूमि के उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं वैधानिक परीक्षण नहीं किया गया। ग्राम पाडल्याकलां के तत्कालीन हलका पटवारी अनिल शर्मा द्वारा वर्ष 2017 मे बनाई गई रिपोर्ट के आधार पर ही निर्णय दे दिया गया जबकि वर्तमान एफटीएल की जांच तक नहीं हुई। संयुक्त जांच समिति की रिपोर्ट में तकनीकी मापन पद्धति के उपयोग के बिना सिर्फ राजस्व अभिलेखों एवं निकाय के दस्तावेजों पर ही निर्णय हुआ। जबकि वे स्वयं पार्टी के रूप में केस लड़ रहे थे। बनबना तालाब के संरक्षण पर कोई उचित निर्णय नहीं हुआ। नगरपालिका नागदा के अभिभाषक के सहयोगी ने ही निजी प्रोजेक्ट के मालिक को लाभ दिलवाए जाने के उद्देश से कानूनी लड़ाई कमजोर करवाई हैं। जिसमे रिकार्ड पर उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर अन्य कार्यवाही पृथक से की जा रही हैं।

अभिषेक चौरसिया ने बताया कि एनजीटी ने आदेश पारित कर यह प्रकरण समाप्त किया है, लेकिन आदेश में स्वयं यह निर्देश दिया गया है कि संबंधित जिला प्रशासन एवं वेटलैंड प्राधिकरण का कठोर पालन सुनिश्चित करें और नगरपालिका नागदा किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अनुपचारित जल का निकास तालाब मे होने से रोके। यह इस बात का प्रमाण है कि पर्यावरणीय सतर्कता की आवश्यकता अब भी बनी हुई है।

अभिषेक चौरसिया ने बताया कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध नहीं हैं बल्कि बनबना तालाब के संरक्षण के लिए है । इस आदेश पर तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत माननीय सुप्रीम कोर्ट, भारत में शीघ्र अपील की जावेगी। हम न्यायिक प्रक्रिया में पूर्ण विश्वास रखते हैं और विधि के दायरे में रहकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेंगे तथा बनबना तालाब की लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जावेगी।

मालवीय का माडल राज्य स्तर पर चयनित

माकड़ोन। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय बालक छात्रावास, नीलगंगा में निवासरत एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय, नीलगंगा में अध्ययनरत छात्र अजय मालवीय (कक्षा सातवीं) का राज्य स्तरीय मॉडल (मनोरंजक गणितीय संक्रियाएं)के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि उनकी सतत मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अजय मालवीय की इस सफलता से छात्रावास, परिवार एवं विद्यालय समुदाय गौरवान्वित है। छात्रावास परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है और आशा व्यक्त करता है कि वे आगे भी निरंतर प्रगति करते हुए समाज, विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करेंगे। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

उन्हेल। मनकामेश्वर महादेव महिला मंडल एवं सर्व महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा श्री राम मंदिर, पंच धाकड़ समाज परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल छोटा तालाब स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पहुंची।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन एवं जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगरवासियों ने भी विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। श्री राम मंदिर पंच धाकड़ समाज अनमोल ग्रुप ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कथा शुभारंभ के पावन अवसर पर श्री मनकामनेश्वर महादेव महिला मंडल के तत्वावधान में कथा के मुख्य यजमान बालाराम बंबोरिया परिवार द्वारा कथा व्यास पं. हरिओम पाराशर का पारंपरिक शाल एवं श्रीफल अर्पित कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आध्यात्मिक गरिमा के साथ प्रथम दिवस की कथा प्रारंभ हुई। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा एवं मानव जीवन में उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संस्कारों का संदेश दिया। आयोजक महिला मंडल ने समस्त नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है। कथा प्रतिदिन नियत समय 12 बजे से 4 बजे तक रहेगी। आज के प्रसादी यजमान बलाराम पिता भेरुलाल बंबोरिया परिवार रहा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा, दिनेश पटेल, शंकरलाल बंबोरिया, नारायण बंबोरिया, शांतिलाल पटेल, दिनेश सांखला, रमेश बंबोरिया, भैरुलाल खामोरिया, विकास जायसवाल, गोविंद सलित्रा, मनकामेश्वर छोटा तालाब महिला मंडल, चौपाटी महिला मंडल, सांवरिया महिला भक्त मंडल, कालिका माता महिला भक्त मंडल, राम मंदिर महिला भक्त मंडल, भूतेश्वर महादेव मंदिर कार्तिक चौक महिला मंडल, शीतला माता महिला मण्डल, हनुमान मंदिर चौपाटी महिला मण्डल, सती माता महिला भक्त मंडल, हटकेश्वर महादेव मण्डल, भैरव महाराज महिला मंडल व नगर की समस्त महिला मंडल ने एकत्रित होकर कथा का लाभ लिया।

नारी सशक्तिकरण की नई उड़ान

महिला उद्यमिता को अंतरराष्ट्रीय कलाकार देंगे वैश्विक पहचान

इंदौर। लुनिया विनायक ग्रुप ऑफ कंपनीज़ द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही है। इस विशेष वुमन एम्पावरमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत महिला गृह उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की तैयारी की जा रही है। ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के चेयरपर्सन विनायक लुनिया ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार के लिए अंतरराष्ट्रीय कलाकारों और संगीतकारों का सहयोग लिया जाएगा। ये कलाकार इन उत्पादों के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे और वैश्विक मंच पर भारतीय महिला उद्यमिता की पहचान मजबूत करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत महिलाओं द्वारा निर्मित घरेलू और हस्तनिर्मित उत्पादों को एक संगठित ब्रांड के रूप में बाजार में उतारने की व्यापक तैयारी चल रही है। इससे महिला उद्यमियों को आर्थिक मजबूती मिलने के साथ-साथ उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

कंपनीज़ का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक पहचान दिलाना है, जिससे वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

एक नजर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

समर्थ गुरु रामदास नवमी पर निकली पालकी यात्रा

उज्जैन। शहर के पानदरीबा स्थित श्री गणपति मंदिर में बुधवार को समर्थ गुरु रामदास नवमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री समर्थ सेवा मंडल, पानदरीबा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु समर्थ रामदास स्वामी का पुण्य स्मरण किया गया।

संस्था प्रमुख दिनकर तेलंग ने जानकारी देते हुए बताया कि माघ कृष्ण नवमी के अवसर पर बुधवार सुबह 9:30 बजे मंदिर प्रांगण से समर्थ रामदास स्वामी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी में स्वामी जी की प्रतिमा और पादुकाओं के पूजन के बाद नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर पंकज चांदोरकर, रविंद्र मूले, मिलिंद पन्हालकर, निलेश फड़नीस, श्री पागे (जम्बो दादा) सहित बड़ी संख्या में समाजजन और भक्त शामिल हुए।

मिलिंद पन्हालकर एवं निलेश फड़नीस ने बताया कि उत्सव के अंतर्गत शाम 7 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में श्री समर्थ सेवा मंडल के सदस्यों सहित क्षेत्रीय रहवासियों का विशेष सहयोग रहा।

युवाओं को दिया था बल और राष्ट्रभक्ति का संदेश

कार्यक्रम के दौरान समर्थ गुरु रामदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्वराज्य और धर्म रक्षा की प्रेरणा दी थी। स्वामी जी का मानना था कि स्वस्थ शरीर से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है, इसलिए उन्होंने युवाओं को व्यायाम और हनुमान जी की उपासना का संदेश दिया। उन्होंने 'दासबोध' और 'मनाचे श्लोक' जैसे ग्रंथों की रचना कर समाज को नई दिशा दी थी। माघ कृष्ण नवमी को ही उन्होंने सज्जनगढ़ (महाराष्ट्र) में समाधि ली थी, जिसे 'दास नवमी' के रूप में मनाया जाता है।

उज्जैन के साहित्यकार डॉ. प्रभु चौधरी राष्ट्र हिंदी रत्न से सम्मानित

उज्जैन। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं उज्जैन के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रभु चौधरी को उनकी हिंदी सेवा के लिए इंदौर में प्रतिष्ठित 'राष्ट्र हिंदी रत्न सम्मान' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें मां शारदा साहित्यिक मंच, भोपाल द्वारा इंदौर में आयोजित भव्य 'कवितांजलि महोत्सव' के दौरान प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देश के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन मौजूद रहे। अध्यक्षता मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के प्रधानमंत्री डॉ. अरविंद जवलेकर ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी परिवार इंदौर के अध्यक्ष हरे राम बाजपेई उपस्थित थे। अतिथियों ने डॉ. चौधरी को शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

4 घंटे चला मैराथन काव्य पाठ: समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित कवितांजलि महोत्सव में साहित्य की विभिन्न विधाओं का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में 75 कवि और कवियत्रियों ने लगातार 4 घंटे तक अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस दौरान ओज, वात्सल्य, श्रृंगार और हास्य रस की कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पुस्तक 'वे आंखें' का विमोचन

इस गरिमामय आयोजन के दौरान डॉ. दीप्ति गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक 'वे आँखें' का विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह का सफल और मनमोहक संचालन डॉ. दीप्ति गुप्ता एवं डॉ. तृप्ति शाह ने किया। डॉ. चौधरी को राष्ट्रीय हिंदी रत्न सम्मान प्राप्त होने पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार भार्गव, डॉ. अनसूया अग्रवाल, डॉ. शेहनाज शेख, सुवर्णा जाधव, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. हरीश सिंह, सुंदरलाल जोशी, डॉ. रश्मि चौबे, बृज किशोर शर्मा, डॉ. जीडी अग्रवाल, अनिल ओझा, हरेराम बाजपेई, डॉ. अरुण सराफ, डॉ. कृष्ण जोशी, डॉ. शीला चंदन, सुंदरलाल मालवीय, डॉ. मधु लता शर्मा, डॉ. अनीता तिवारी, संगीता केसवानी, अनीता भाटी, पूजा शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी।